पुन : उसी स्थान पर स्थापित हुई रानी अवंतीबाई की प्रतिमा

प्रशासनिक सख्ती पर भारी पड़ा राजनैतिक और सामाजिक दबाब, महोली में थमा प्रतिमा विवाद

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले के चंदेरी तहसील अंतर्गत ग्राम महोली चौराहे पर रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा को हटाए जाने के बाद उपजा विवाद शुक्रवार को खत्म हो गया। तीन दिनों तक चले व्यापक आंदोलन और मान-मनौव्वल के दौर के बाद आखिरकार प्रशासन को प्रतिमा वापस उसी चौराहे पर स्थापित करनी पड़ी। इस फैसले के साथ ही लोधी समाज और क्षेत्रवासियों ने अपना आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की।

दरअसल 10 और 11 तारीख की मध्य रात्रि को ग्राम महोली चौराहे पर कुछ लोगों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। 11 तारीख की सुबह जानकारी मिलते ही चंदेरी प्रशासन ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों (सार्वजनिक स्थलों/चौराहों पर बिना अनुमति प्रतिमा न लगाने) का हवाला देते हुए इसे अवैध बताकर हटा दिया था और प्रतिमा को चंदेरी नगरपालिका में सुरक्षित रखवा दिया था। जिसके बाद प्रशासनिक कार्रवाई से क्षुब्ध लोधी समाज ने इसे अपनी भावनाओं का अनादर मानते हुए 12 तारीख से विशाल आंदोलन का बिगुल

हाई कमान के निर्देश और नेताओं की एंट्री से बदला रुखः

आंदोलन के तीसरे दिन स्थिति बेहद संवेदनशील हो गई थी। एक ओर जिला प्रशासन और पुलिस बल सर्वोच्च न्यायालय के नियमों का हवाला देकर मूर्ति को किसी अन्य शासकीय भूमि पर स्थानांतरित करने की बात कह रहे थे,जिसके लिए कलेक्टर और एसपी ने मौके पर पहुंचकर भूमि का निरीक्षण भी किया था, तो वहीं दूसरी ओर पंडाल में जुटे जनसैलाब और राजनीतिक नेताओं का दबाव बढ़ता चला गया। वहीं दोपहर होते-होते राजनीतिक घटनाक्रम तेजी से बदला। पिछोर विधायक प्रीतम लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी, चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत, कांग्रेस नेता राव यादवेंद्र सिंह और पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान सहित दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कई दिग्गज नेता मौके पर पहुंचे। यही नहीं भोपाल से नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी वीडियो जारी कर प्रतिमा की पुनर्स्थापना की मांग की।

प्रशासन की क्लास और 20 मिनट का अल्टीमेटम

इस दौरान पिछोर विधायक पीतम लोधी ने प्रशासनिक अधिकारियों से तीखे सवाल किए। उन्होंने अफसरों से पूछा कि आखिर जनभावनाओं को दरकिनार कर प्रतिमा हटाने का फैसला क्यों लिया गया? अधिकारियों द्वारा अदालती आदेशों की बात कहे जाने पर विधायक ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए 20 मिनट के भीतर प्रतिमा को सम्मानपूर्वक वापस उसी स्थान पर लगाने की बात कही। इसके बाद अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच हुई मैराथन चर्चा के बाद प्रशासन को जनआक्रोश और राजनीतिक दबाव के आगे झुकना पड़ा। आनन-फानन में नगरपालिका से प्रतिमा

को सुरक्षा घेरे में महोली चौराहे लाया गया और वैदिक मंत्रोच्चार व जयकारों के बीच पुन: स्थापित कराया गया।

फूंक दिया। देखते ही देखते यह आंदोलन पूरे प्रदेश में चर्चा का केंद्र बन गया। वहीं अब उसी स्थान पर प्रतिमा स्थापित किये जाने पर लोधी समाज के युवाओं द्वारा प्रतिमा के साथ फोटो लिये गये।

आंदोलन के दौरान दिखा तनाव और गुटबाजीः

हालांकि आंदोलन की समाप्ति शांतिपूर्ण रही, लेकिन तीन दिनों तक चले इस घटनाक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच भारी तनाव देखने को मिला। वहीं आंदोलन के दौरान कार्यकर्ताओं में आपसी गुटबाजी भी सामने आई। जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी और कुछ लोगों के बीच कहासुनी के मनीराम लोधी को पुलिस अपने साथ ले गई। वहीं पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने मंच से संबोधित करते हुए क्षेत्र को पृथक बुंदेलखंड राज्य बनाए जाने का मुद्दा भी उठाया।

एसपी की अपील : डिजीटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड से रहे सतर्क

पुलिस अधीक्षक ने बताया सुरक्षा के उपाय

कहा फ्रॉड होने पर तुरंत करने पुलिस से संपर्क

नवभारत न्यूज़

अशोकनगर। जिले में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने नागरिकों से विशेष सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीकी दौर में सतर्कता और जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ठग अक्सर सीबीआई, पुलिस, ईडी, आरबीआई या ट्राई का फर्जी अधिकारी बनकर डिजिटल

अरेस्ट, मनी लॉन्ड्रिंग या पार्सल में ड्रग्स का डर दिखाकर पैसे ऐंठते हैं। इसके अलावा फर्जी केवाईसी, लॉटरी, शेयर बाजार में भारी मुनाफे का लालच, फर्जी नौकरी, और व्हाट्सएप पर अनजान क्यू फाइल भेजकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

सुरक्षा के लिए अपनाएं ये जरूरी उपायः

पुलिस अधीक्षक सुरक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण उपाय बताये है, जिनमें मुख्य रूप से है कि अपना पासवर्ड गोपनीयता रखें , बैंक विवरण या संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा न करें। किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और न ही अनजान APK फाइल डाउनलोड कर। इसके अलावा निवेश या आर्थिक मदद मांगने वाले परिचित की सच्चाई की जांच पहले जरूर कर लें। वहीं एसपी श्री मिश्रा ने कहा कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन या वीडियो कॉल पर पैसे की मांग नहीं करती। यदि फिर भी कोई साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाता है, तो बिना घबराए तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

एक नजर में

तिरंगा सह हरियाली यात्रा में पौधे देकर दिया देशप्रेम व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अशोकनगर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तूमैन सेक्टर-3 की नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति द्वारा ग्राम तूमैन में राष्ट्रप्रेम और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए भव्य तिरंगा यात्रा सह हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, माँ सरस्वती के पूजन एवं तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया गया। हाथों में तिरंगा थामे नवांकुर सखियों, छात्रों और ग्रामीणों ने देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा निकाली। इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष लखन सुरेंद्र यादव ने कहा कि तिरंगा राष्ट्रीय अस्मिता और आन-बान-शान का प्रतीक है, वहीं वृक्ष हमारी आने वाली पीढ़ियों के जीवन का आधार हैं। वहीं कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं नवांकुर सखियों को अमरूद (जामफल), जामुन, आंवला, बेलपत्र और सीताफल के फलदार पौधों का नि:शुल्क वितरण किया गया। संस्था के अध्यक्ष ने स्वागत भाषण में आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, जबकि मेंटर नरेंद्र बंजारा ने सभी अतिथियों व ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हुआ शिवार्चन

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के पावन सानिध्य में भव्य शिवार्चन एवं महाअभिषेक का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में भगवान भोलेनाथ का पंचामृत, गंगाजल एवं कच्चे दूध से विधिवत अभिषेक कर लोक-कल्याण की कामना की गई। अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पुजारी किशन लाल मिश्रा ने शिव पुराण के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिव पुराण के अनुसार, जिस प्रकार हम पर माता-पिता और गुरु का ऋण होता है, ठीक उसी प्रकार प्रकृति का भी हम पर बड़ा ऋण है। हम वृक्षों से फल, नदियों-कुओं से जल और पर्यावरण से वायु ग्रहण करते हैं। वायु एवं पर्यावरण को प्रदूषित करना हमारे ऊपर ऋण चढ़ाता है। इस प्रकृति-ऋण से उऋण होने का सबसे उत्तम माध्यम पौधारोपण है। इसी संदेश का पालन करते हुए महाअभिषेक के पश्चात मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न औषधीय पौधों का रोपण किया गया।

अगस्त और सितंबर माह का राशन 31 अगस्त तक एकमुश्त मिलेगा

अशोकनगर। राज्य शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र परिवारों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिले में माह अगस्त एवं सितंबर की राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण 31 अगस्त तक किया जाएगा। खाद्य विभाग द्वारा शासकीय उचित मूल्य (राशन) दुकानों की पी.ओ.एस. मशीनों में दोनों महीनों का राशन अलग-अलग (माहवार) वितरित करने का प्रावधान कर दिया गया है। वहीं पात्र हितग्राहियों को दो महीने का राशन एक साथ प्राप्त करने के लिए POS मशीन पर दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन (अंगूठा लगाना) कराना अनिवार्य होगा। सभी राशन दुकानों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे 31 अगस्त तक पात्र हितग्राहियों को राशन का वितरण पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

आदर्श ग्राम महू आलमपुर में निकली तिरंगा व हरियाली यात्रा

अशोकनगर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद (ब्लॉक अशोकनगर) के सेक्टर 04 राजपुर स्थित आदर्श ग्राम महू आलमपुर में श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति एवं प्रस्फुटन समितियों के सहयोग से तिरंगा यात्रा सह हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। पंचायत भवन से श्रीराम जानकी मंदिर तक निकाली गई इस यात्रा में नवांकुर सखियों ने हाथों में कलश लेकर पारंपरिक हरियाली गीत गाए। इस दौरान पेड़ लगाएं, धरती बचाएं और भारत माता की जय के जयघोष से पूरा गांव गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के दौरान ध्वज के तीन रंगों का संदेश देते हुए बताया गया कि केसरिया त्याग-साहस, सफेद सत्य-शांति और हरा रंग समृद्धि एवं प्रकृति का प्रतीक है, जबकि अशोक चक्र निरंतर कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

लाइन में लगने को लेकर आपस में भिड़े किसान

जमकर चले लात-घूंसे, मची अफरी-तफरी, खाद लेने के लिए टूट रहे किसान का सब्र

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले में खाद वितरण केंद्र (डबल लॉक केंद्र) पर खाद संकट के बीच अव्यवस्था और भारी हंगामे का मामला सामने आया है। सुबह से ही खाद लेने के लिए लंबी कतारों में खड़े किसानों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया। कतार में आगे लगने की होड़ में किसानों के बीच पहले धक्का-मुक्की हुई, जो देखते ही देखते हिंसक लात-घूंसे और मारपीट में बदल गई। इस घटना से केंद्र परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किसान तड़के सुबह 5 बजे से ही खाद की उम्मीद में डबल लॉक

केंद्र पर पहुंचने लगे थे। देखते ही देखते बाहर किसानों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। पिपरी गांव के किसान राजेश सिंह ने बताया कि वे सुबह 6 बजे अपने अन्य साथी किसानों के साथ केंद्र पर पहुंचे थे। उन्हें पहले जिस लाइन में खड़ा किया गया, वहां से बाद में हटा दिया गया। दोपहर 2 बजे तक घंटों इंतजार करने के बाद भी उन्हें खाद की एक बोरी तक नसीब नहीं हुई।

अनाउंसमेंट के बाद बढ़ा तनावः

स्थिति तब और बिगड़ गई जब केंद्र से माइक पर यह ऐलान किया गया कि केवल सुबह से मौजूद किसानों को ही खाद बांटी जाएगी और बाद में आए लोगों को खाद नहीं मिलेगी। इस सूचना के बाद भी किसान डटे रहे और भीड़ लगातार अनियंत्रित होती गई। किसानों के बीच चर्चा थी कि निजी दुकानदार तय दरों से काफी अधिक कीमत वसूल रहे हैं। यही वजह है कि किसान निजी विक्रेताओं से बचने और सरकारी केंद्र से वाजिब दाम पर सुरक्षित खाद पाने के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में जुटने को मजबूर हैं। प्रशासन की ढिलाई के कारण स्थिति बेकाबू होती दिख रही है।

स्वच्छ जल और स्वच्छता को लेकर आंगनवाड़ी पर जनसंवाद

नवभारत न्यूज़

अशोकनगर। जिले के दूरदराज आदिवासी अंचलों में बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य में सुधार, बेहतर पोषण तथा शुद्ध पेयजल और स्वच्छता की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष जन सहभागिता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम सांसद प्रतिनिधि मनीष राजपूत एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी चंद्रसेना भिड़े के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बैठक में चंदेरी एवं मुंगावली क्षेत्र के आदिवासी अंचलों से आईं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्रों की वास्तविक समस्याओं को प्रमुखता से रखा। संवाद के दौरान निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई। जिनमें बच्चों में पोषण की स्थिति, नियमित स्वास्थ्य जांच और वजन/वृद्धि की निगरानी। आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालय, स्वच्छता सुविधाएं और पेयजल की उपलब्धता। परिवारों के बीच खान-पान व स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाना। बैठक में विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि कुपोषण केवल भोजन की कमी नहीं है, बल्कि दूषित पानी और अस्वच्छ वातावरण भी बच्चों के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए पोषण अभियान के साथ-साथ सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी।

झमाझम बारिश में दिखा युवाओं में देशप्रेम का उत्साह

अभाविप ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

बारिश से भी नहीं डिगा सकी युवाओं के कदम

नवभारत न्यूज़

अशोकनगर। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) द्वारा राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश देने हेतु भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। हाथ में राष्ट्रध्वज थामे सैकड़ों विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं के जयघोष से पूरा शहर गूंज उठा।

यह यात्रा एक्सीलेंस विद्यालय से शुरू होकर नंगेसरी चौराहा, पुराना बाजार, गांधी पार्क, इंदिरा पार्क, मिर्ची मार्केट और स्टेशन रोड होते हुए पुन: एचडीएफसी चौराहा के रास्ते एक्सीलेंस विद्यालय पहुचकर संपन्न हुई।

बारिश भी नहीं डिगा सकी हौसलाः

यात्रा के दौरान हो रही झमाझम बारिश भी विद्यार्थियों के कदम नहीं रोक पाई। देशभक्ति के गीतों और भारत माता की जय के नारों के साथ युवा पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ झूमते नजर आए। इस दौरान विभाग संयोजक अमन रघुवंशी ने कहा कि15 अगस्त अमर शहीदों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को नमन करने का दिन है। तिरंगा हमारी आन-बान-शान और एकता का प्रतीक है। युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर नगर सह मंत्री पृथ्वी राज सोनी, गौरव शर्मा, संस्कार शर्मा, विशाल पाल, आकाश, रमन ओझा, कुलदीप शाक्य सहित अभाविप की समस्त कार्यकारिणी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मल्लिकार्जुन खरगे के अपमान पर कांग्रेस का मार्च

पैदल मार्च कर राष्ट्रपति के नाम सौपा ज्ञापन

वक्ताओ ने कहा यहा अंबेडकर के संविधान पर हमला

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। उत्तराखंड के हल्द्वानी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जनसभा के उपरांत भाजपा समर्थित संगठनों द्वारा उस स्थान का गंगाजल से कथित शुद्धिकरण करने के कृत्य के विरोध में, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इंद्रा पार्क से डॉ.भीम राव अम्बेडकर पार्क तक पैदल मार्च निकालकर द्वारा राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए इसे केवल एक व्यक्ति या राष्ट्रीय नेता का

अपमान नहीं, बल्कि देश के समस्त दलित समुदाय, वंचित समाज और डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के संविधान पर सीधा प्रहार बताया। ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति जी से मांग की गई है कि इस प्रकार की जातिवादी और असंवैधानिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं तथा देश के लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा की जाए। इस बीच कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा, विधायक इंजी हरीबाबू राय, ,नगर अध्यक्ष राहुल शर्मा पंडा, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष आनंद शर्मा, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनिंदर भुल्लर, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रिंस सिंघाई, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सुराणा, पार्षद किरण कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

आयोजन | चंदेरी में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन

कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, मौके पर 675 का निराकरण

नवभारत न्यूज़

अशोकनगर। जिले में आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु प्रति शुक्रवार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी में कलेक्टर साकेत मालवीय के मुख्य आतिथ्य में भव्य शिविर का आयोजन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन, एडीएम माधुरी पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष संतोष कोली एवं जनपद अध्यक्ष महेंद्र पाल बुंदेला सहित कई

जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट हुआ समाधानः

शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री साकेत मालवीय ने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है। शिविर में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई और लोक सेवा गारंटी के तहत प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है। कलेक्टर ने जानकारी दी कि शिविर के दौरान कुल 676 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से संबंधित विभागों द्वारा 675 आवेदनों का त्वरित निराकरण कर नागरिकों को राहत पहुंचाई गई।

हितलाभ का वितरणः

शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं सहायता राशि बांटी गई। जिनमें अनुग्रह सहायता के 2-2 लाख रुपये की सहायता। वृद्धावस्था व सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत की गई।

थूबोन जी में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक का सम्मान

नवभारत न्यूज़

अशोकनगर। निकटवर्ती दर्शनोदय जैन तीर्थ क्षेत्र थूबोन जी में जिले के नवागत कलेक्टर साकेत मालवीय एवं पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के प्रथम भ्रमण पर तीर्थ क्षेत्र कमेटी द्वारा उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर, शॉल-श्रीफल एवं भगवान आदिनाथ (बड़े बाबा) का स्मृति चिह्न (चित्र) भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सर्वधर्म समभाव, क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना

और जिले में सुख-शांति कायम रखना प्रशासन की सर्वोपरि प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुकेश जैन लार, रवि जैन मुनीम जी, ऋषि जैन (मैनेजर), अनुपम जैन, मोनू जैन सहित कमेटी के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।